प्रतिबंधित संचलन
खंड- 3 अंक-99 दिनांक- 14/09/2018

# के, रि, पु, बल ई-संवाद

## सेवा एवं निष्ठा

प्रतिबंधित संचलन
के.रि.पु.बल ई-संवाद

## आपरेशनल उपलब्धियां

60 बटा, 197 बटा सीआरपीएफ और चाईबासा पुलिस की टुकड़ियों ने एक संयुक्त अभियान में झारखंड के चाईबासा में 40 किग्रा वजन की एक आईईडी बरामद की।

07 बटा, B/154 बटा सीआरपीएफ और गिरिडीह पुलिस की टुकड़ियों ने एक संयुक्त अभियान में झारखंड के पारसनाथ हिल में 32 किग्रा वजन की एक आईईडी (पाईप बम 03 किग्रा प्रति) बरामद की।

# बोर्ड परीक्षाओं में उच्च अंक प्राप्तकर्ता सम्मानित

बोर्ड परीक्षाओं के उच्च अंक प्राप्तकर्ताओं और ग्रुप केंद्र, सीआरपीएफ रांची में 08.09.2018 को आयोजित स्पार्कलिंग स्टार्स प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। श्री कुलदीप सिंह, भापुसे, एडीजी, मध्य जोन सीआरपीएफ इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे। वहां एकत्रित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने आज के विश्व में उपलब्ध विभिन्न कैरियर की संभावनाओं पर प्रकाश डाला और अभिभावकों को बच्चों की रूचि के अनुसार उनकी पढ़ाई में सहयोग के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों में उच्च नैतिक मूल्य स्थापित करने और आधुनिक तकनीक और सोशल मीडिया के अनुशासित उपयोग पर जोर दिया। यह झारखंड की सीआरपीएफ यूनिटों की 24 उदीयमान प्रतिभाओं और बच्चों को प्रोत्साहित करने वाला और प्रेरक था।

# ग्रु.के. रांची में पौधारोपण अभियान

स्वच्छ और हरित भारत के उद्देश्य में अपने योगदान के तहत श्री कुलदीप सिंह, भा.पु.से., एडीजी केंद्रीय जोन सीआरपीएफ के नेतृत्व में झारखंड के ग्रुप केंद्र रांची में एक विशेष वृहद पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया।

# विश्व आत्महत्या निरोधक दिवस मनाया गया

विश्व आत्महत्या निरोधक दिवस पर आत्महत्या की प्रवृतियों को पहचानने और शांति के माध्यम से इसमें आवश्यक हस्तक्षेप के उद्देश्य से आरआईएनपीएएस के डॉ सिद्धार्थ सिन्हा और ब्रहकुमारी बहनो द्वारा सीआरपीएफ के विभिन्न रैंकों के लिए झारखंड सेक्टर मुख्यालय रांची में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।